खोज लिया सारी दुनिया

खोज लिया सारी दुनिया पर तुझसा नहीँ है पाया - ॥
जो पाया खाटू नगरी में और कहीं ना पाया हो होहो हो होहो - ॥

दीन दयालु तुझसा ना पाया मैंने,
सबको गले लगाते देखा है मैंने,
ये भक्तों का रखवाला है ,
ये हारे का सहारा है,
अरे हारे हुए का साथी हमने और कहीं ना पाया हो होहो ॥

महाभारत के युद्ध को देखन आया था,
कृष्ण प्रभु ने तुझसे दान ये मांगा था,
हंस हंस के शीश दिया तुने,
जग का कल्याण किया तुने,
श्याम नाम वरदान में तुने श्याम धणी से पाया हो होहो हो होहो ॥

दिन दिन बढ़ता जाये तेरा पर्चा है
सब देवों से ऊंचा तेरा दर्जा है
कलियुग का तु अवतारी है
हर घर में ज्योत तुम्हारी है
उषा अबला नारी को भी तुने गले लगाया हो होहो हो होहो ॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2991/title/khoj-liya-saari-duniya-par-tujhsa-nahi-hai-paya-jo-paya-khatu-nagari-me-or-kahi-na-paya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |